## न्यू गुवाहाटी सेवाकेंद्र के रजत जयंती महोत्सव में कनकसेन डेका के उद्गार

# ब्रह्माकुमारीज़ का मुख्यालय है स्वर्ग समान

**गुवाहाटी-असम।** ब्रह्माकुमारीज़ न्यू गुवाहाटी सेवाकेंद्र ने अपनी गौरवशाली आध्यात्मिक यात्रा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नूनमति सेक्टर-2 स्थित गुवाहाटी रिफायनरी के खेल मैदान में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर अग्रदूत के सम्पादक कनकसेन डेका ने माउण्ट आबू में ब्रह्माकुमारीज़ के मुख्यालय में अपना अनुभव साझा करते हुए इसको एक ऐसा स्थान बताया, यदि पृथ्वी पर कहीं स्वर्ग है तो यहीं है। जाति, धर्म या भाषा कुछ भी हो हर कोई दिव्य प्रकाश के रूप में सर्वोच्च आत्मा, ईश्वर की पूजा करता है। उन्होंने वर्तमान नैतिक पतन की ओर इशारा किया। धोखाधड़ी, लालच और भ्रष्टाचार से भरे समाज में, मानवीय मूल्यों और नैतिकता को बढ़ावा दे, की जा रही निःस्वार्थ सेवा की प्रशंसा की। उन्होंने मानवता के तेजी से हो रहे पतन पर भी चिंता व्यक्त की। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए समुदाय के नेताओं की सामूहिक बैठक का उन्होंने आह्वान किया और ब्रह्माकुमारीज़ को




इस तरह के समागम के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए कहा। ब्रह्माकुमारीज़ के महिला विंग की राष्ट्रीय संयोजिका राजयोगिनी ब्र.कु. शारदा दीदी ने कहा कि राजयोग अभ्यास के माध्यम से व्यक्ति जीवन की समस्याओं पर काबू पा सकता है। मानसिक शांति बनाए रख सकता है। चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों में भी स्थिरता बनाए रख सकता है। उन्होंने मीराबाई का उदाहरण देते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ व्यक्ति निश्चित रूप से अपने लक्ष्य तक पहुंच सकता है। गुवाहाटी रिफायनरी के मुख्य महाप्रबंधक प्रदीप कुमार बसुमतारी ने कहा कि सकारात्मक सोच एक सकारात्मक माहौल बनाती है, जो खुशी और शांति को बढ़ावा देती है। अध्यात्म के आधार से ब्रह्माकुमारीज़ दुनिया में शांति, खुशी और प्रेम का प्रसार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्र.कु. उषा दीदी ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया। पटना ज़ोन संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. रुक्मिणी दीदी, ब्रह्माकुमारीज़ गुवाहाटी,त्रिपुरा,बांग्लादेश की संचालिका ब्र.कु. जोनाली दीदी ने मानवीय मूल्यों के विकास और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में ब्रह्माकुमारीज़ के मिशन पर प्रकाश डाला। मंगलदोई, असम यूथ अकादमी के सदस्यों ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का समापन ब्र.कु. राकेश के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. दीपांजलि दीदी एवं ब्र.कु. शारदा दीदी ने किया। इस अवसर पर 17 ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपना जीवन ईश्वरीय सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। 'श्रीमद्भगवद् गीता के आध्यात्मिक रहस्य' विषय पर राजयोगिनी ब्र.कु. उषा दीदी का प्रवचन आयोजित किया गया। प्रवचन का उद्घाटन गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र की सांसद बिजुली कलिता मेधी ने किया। मुख्य कार्यक्रम से पहले सुबह ब्रह्माकुमारीज़ न्यू गुवाहाटी सेवाकेन्द्र से रैली निकाली गई। जो ज्योतिनगर होते हुए गुवाहाटी खेल मैदान तक गयी।

## सिरसा आनंद सरोवर में पांच बहनों का समर्पण समारोह

# आदर्श जीवन जीने की सीख मिलती इस विश्व विद्यालय से

**आनंद सरोवर-सिरसा(हरियाणा)।** वर्तमान समय आधुनिकता के चकाचौंध भरे वातावरण में समाज सेवा में आजीवन समर्पित होने जा रहीं ये ब्रह्माकुमारी बहनें युवा पीढ़ी के लिए एक महान आदर्श हैं। हमारा पारिवारिक, सामाजिक और अन्य हर क्षेत्र में व्यावहारिक जीवन कैसा होना चाहिए, यह सीख इस विश्व विद्यालय से मिलती है। यहां आकर होने वाला शांति का अनुभव मन को बहुत सुकून प्रदान करता है। उपरोक्त उद्गार ब्रह्माकुमारीज़ आनंद सरोवर में आयोजित जन सेवा में आजीवन समर्पित होने जा रही पांच बहनों के विशाल प्रभु समर्पण समारोह में हरियाणा सरकार के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने व्यक्त किए। राजयोगिनी ब्र.कु. सुदेश दीदी ने कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही सच्चा स्वयंवर अर्थात् सच्ची शादी है। जब इन बहनों ने पार्वती समान अपनी वृत्तियों को पवित्र बनाकर, शिव परमात्मा को अपना जीवन समर्पित कर उन्हें वर लिया है तो इनकी मानसिक स्थिति भी इस संसार से उपराम हो गई है। इन बहनों की यही स्थिति उनका आध्यात्मिक सेवा का श्रेष्ठतम साधन है। राजयोगी ब्र.कु. मृत्युंजय ने कहा कि आज का यह समारोह प्रभु प्रेम की एक मिसाल बन गया है। यहां उपस्थित विशाल जनसमूह इस बात का प्रतीक है कि प्रभु समर्पण के प्रति सबके मन में कितनी श्रेष्ठ भावनाएं हैं। उन्होंने आगे कहा कि जैसे पंजाब में पांच नदियां अपने पवित्र जल से धरती को सींचकर सबको जीवन प्रदान करती हैं इसी प्रकार ये पांच बहनें ज्ञान की नदियां बनकर खुशी और शांति से हर मन का सिंचन करेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी समर्पित हो रही पांचों बहनों के प्रति शुभकामनायें व्यक्त की। इस मौके पर राजयोगिनी ब्र.कु. उत्तरा दीदी, ब्रह्माकुमारीज़ पंजाब क्षेत्रीय संचालिका, राजयोगिनी ब्र.कु. कैलाश दीदी,बठिण्डा उपक्षेत्रीय संचालिका, राजयोगिनी रमेश दीदी,हिसार, राजयोगिनी ब्र.कु. किरण दीदी,करनाल, राजयोगिनी ब्र.कु. अनीता दीदी,चण्डीगढ तथा बीजेपी जिला अध्यक्ष शीशपाल कम्बोज उपस्थित रहे।



# दूसरे के कष्ट को भी अपनी तरह जानें



**रीवा-म.प्र.।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शांति धाम झिरिया रीवा में सड़क यातायात पीड़ितों के लिए विश्व स्मरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक यातायात पुलिस डॉ. रितु उपाध्याय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दूसरों के कष्ट को दूर करने के लिए हमारी भावना बड़ी ही परोपकारी होनी चाहिए। जैसे हम अपने कष्ट के प्रति संवेदना महसूस करते हैं, इस प्रकार दूसरे के कष्ट को भी हमको जानना होगा तभी हम मानव समाज का कल्याण कर सकेंगे और सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगा सकेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ. राहुल मिश्रा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज अधिकतर दुर्घटनाओं का एक कारण नशा भी है। अतः नशा यदि करना है तो मेडिटेशन और ज्ञान का नशा करें तो सभी नशे स्वतः समाप्त हो जाएंगे। थाना प्रभारी श्रीमती अनीता शर्मा ने यातायात के नियमों की जानकारी दी। ब्रह्माकुमारीज़ क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. निर्मला दीदी ने सभी अतिथियों के लिए आशीर्वचन दिया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक बस, ट्रक, ऑटो एवं प्रबुद्ध समाजसेवियों ने अपनी सहभागिता की। श्री प्रहलाद सिंह बस ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, युवा कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती ममता नरेंद्र सिंह, बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती सीमा श्रीवास्तव एवं तिवारी बस सर्विस के संचालक रमेश तिवारी सहित डॉ. ब्र.कु. अर्चना, राजेश तिवारी, प्राचार्य दीपक तिवारी, चीफ मैनेजर आर बी पटेल, वरिष्ठ पत्रकार गुलाम मोईनुद्दीन, पीके सोनी व शहर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम में...**
विश्व यातायात पीड़ितों के प्रति विश्व स्मरण दिवस पर सभी ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी।



**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और विभिन्न आध्यात्मिक संगठनों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें ब्रह्माकुमारीज़ भी शामिल हैं। यह समझौता ब्रह्माकुमारीज़ और सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग की एक श्रृंखला का हिस्सा है। इस समझौते पर हस्ताक्षर करने का समारोह नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुख्यालय अगस्त क्रांति भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें श्री अनुराग गर्ग, महानिदेशक उपस्थित रहे। श्री एपी तिवारी, उप महानिदेशक ने एनसीबी की ओर से समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता 'स्पंदन' पहल का हिस्सा है, जो कि आध्यात्मिक साझेदारी है जिसका उद्देश्य नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देना है। ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से राजयोगी ब्र.कु. बनारसी लाल शाह ने समझौते पर हस्ताक्षर किए और अपना संदेश साझा किया और पहल के प्रति सहयोग का आश्वासन दिया।



**चक्रधरपुर-झारखंड।** सीआरपीएफ 60 बटालियन मुख्यालय परिसर में आयोजित सैनिक सम्मेलन में 'माइंड, मेडिसिन एंड मेडिटेशन' विषय पर सम्बोधित करने के पश्चात् समूह चित्र में ब्रह्माकुमारीज़ पाठशाला की संचालिका ब्र.कु. मानिनि बहन, ब्र.कु. मुस्कान बहन तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनों सहित कमांडेंट अम्बुज मुत्थल व अन्य अधिकारीगण।